प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविदंर सिंह सुक्खू ने कल शिमला से हिमाचल प्रदेश का पहला ओवर–द–टॉप, ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्म लॉंच किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो प्रदेश के फिल्मकारों को विश्व सिनेमा, भारतीय सिनेमा और हिमाचल सिनेमा को एक प्लेटफॉर्म पर जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफॉर्म हिमाचल सहित विश्वभर के फिल्म निर्माताओं को एक वैश्विक मंच भी प्रदान करेगा। इसके जरिये फीचर और लघु फिल्में, वृत्त चित्र और ऐनिमेशन प्रदर्शित किया गया जाएगा। हिमालयन वैलोसिटी के प्रबंध निदेशक पुष्पराज ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल मनोरंजन के साथ–साथ हिमाचल प्रदेश की अनूठी संस्कृति की पहचान को संरक्षित करने और बढ़ावा देने का कार्य भी करेगा। इस प्लेटफॉर्म पर हिमाचली फिल्मों की विविधता पूर्ण श्रृखंला होगी। जिसमें पारम्परिक लोक कथाओं से लेकर समकालीन लोक कथाएं भी शामिल हैं।

बैठक

हिमाचल प्रदेश रोजगार गारंटी परिषद की एक बैठक ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह की अध्यक्षता में कल शिमला में हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–मनरेगा ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान कर ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक सुदृढ करने के साथ–साथ अद्योसंरचना निर्माण से गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मणिमहेश यात्रा

चंबा जिला की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा आधिकारिक रूप से 26 अगस्त कृष्ण जन्माष्टमी से शुरू हो रही है जो राधा अष्टमी तक चलेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू हो गई हैं। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मणिमहेश डल झील में स्नान करने के लिए हर वर्ष देश भर के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु आते हैं और कैलाश पर्वत के दर्शन करते हैं।

जे.ओए.आईटी

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग ने जुनियर ऑफिस असिस्टेंट पोस्ट कोड 8 सौ 17 का परिणाम घोषित कर दिया है। इस पोस्ट कोड के लिए दो लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। एक हजार 8 सौ 67 पदों के लिए आयोजित इस परीक्षा में एक हजार 8 सौ 41 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

हर घर तिरंगा

देश में हर घर तिरंगा अभियान जारी है जो 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि अपने अपने घरों पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। इस दौरान देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

पेरिस ओलिंपिक

पेरिस ओलिंपिक में भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुश्ती में पुरुषों की 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सहरावत ने प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज़ को 13–5 से हराया। यह पेरिस ओलिंपिक में भारत का छठा और कुश्ती में पहला पदक है। अमन ने 21 साल और 24 दिन की आयु में भारत के सबसे कम आयु के पदक विजेता बनने के पी.वी सिंधु के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। भारत के पास अब पेरिस ओलिंपिक में पांच कांस्य पदक और एक रजत पदक है।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून लगातार सक्रिय बना हुआ है और बीती रात से वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम विभाग ने आज राज्य के पांच ज़िलों ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर ज़िलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के स्थानीय निदेशक सुरेंद्र पॉल के अनुसार राज्य में मॉनसून की वर्षा में तेजी आएगी जो अगले दो दिनों तक जारी रहेगी। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए नदी–नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से लोगों को दूर रहने की सलाह दी है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से–––––––

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने प्रदेश में मॉनसून के सक्रिय होने से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी का शीर्षक है–आज 6 जिलों में फ्लैश फ्लड का अलर्ट, बरसात में अब तक 100 मौतें। अमर उजाला की सुर्खी है–सुन्नी डैम में चार, नोगली में महिला का शव मिला, औट में पत्थर लगने से युवक की मौत। दैनिक भास्कर लिखता है–10वें दिन मिले 5 शव, 42 लोग अब भी लापता, आज भी भारी बारिश। वहीं आपका फैसला के मुताबिक–सर्च ऑपरेशन के 9वें दिन सुन्नी डैम के पास दोघरी में चार व नोगली में एक शव बरामद। दिव्य हिमाचल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–50 हजार से कम आय तो पानी का बिल माफ। पंजाब केसरी के शब्द हैं–50 हजार से अधिक आय वालों से लिया जाएगा 100 रुपए प्रति कनैक्शन।

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–अफसरों की एसीआर में भी किया व्यवस्था परिर्वतन।

चार साल बाद निकला जेओए आईटी –8 सौ 17 पोस्ट कोड का परिणाम , एक हजार 8 सौ 41 को नौकरी–दैनिक जागरण सहित अन्य समाचार पत्रों ने इस ख़बर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ नमस्कार.........